# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः22.09.2025

मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध में कार्यवाही करते हुए *थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा एक शोहदा गिरफ्तार —

“सोमेन बर्मा” वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत महिला सम्बन्धित अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम मे आज दिनांकः 22.09.2025 को मिशन शक्ति एंटीरोमियों पुलिस टीम महिला आरक्षी नीला यादव व मुख्य आरक्षी रणजीत सिंह द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत नदिहाल तिराहे पर मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के प्रचार प्रसार किया जा रहा था की अभियुक्त जीऊत राज पुत्र कामेश्वर निवासी पिपरवार थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर द्वारा आने जाने वाली महिलाओं से अश्लील इशारे व टिप्पणी करते हुए पाया गया, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-163/2025 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।



************